Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri A. Narendra, member, 13th and 14th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को यह सूचना देनी है कि श्री ए. नरेन्द्र, जिन्होंने आंध्र प्रदेश के मेडक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, जो अब तेलंगाना में है, का तेरहवीं और चौदहवीं लोक सभा के सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व किया, का दुखद निधन हो गया है। श्री नरेन्द्र केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रहे। वह उद्योग संबंधी समिति, याचिका समिति, वक्फ बोर्ड की संचालन संबंधी संयुक्त समिति और रसायन तथा उर्वरक संबंधी समिति के सदस्य भी रहे।

श्री नरेन्द्र वर्ष 1983 से 1994 तक तीन कार्यकालों के लिए आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे। श्री ए.नरेन्द्र का निधन 9 अप्रैल, 2014 को हैदराबाद में 68 वर्ष की आयु में हुआ।

हम श्री ए. नरेन्द्र के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त करते हैं।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहे।

11.04 hrs

The Members then stood in silence for short while.